SHRI K. GOPAL (Karur): May I know the basis on which you are calling the speakers? Our party was allotted some time. For the whole day today none of us has been called. The hon. member who just finished made a good maiden speech. I do not object to that. But you will have to go party-wise.

MR. CHAIRMAN: Congress (I) is the major opposition party. After the Leader of the Opposition, he is the second speaker.

SHRI K. GOPAL: Mr. Gogoi also spoke.

MR. CHAIRMAN: He is leaving today and he had requested the Speaker. Otherwise, I am going exactly by the list given here by the Deputy Speaker. It is not my discretion. (*Interruption*).

SHRI K. GOPAL: When you go according to the list, you should go according to the party also.

MR. CHAIRMAN: Your party will be given time. After all, this is the third speech from Congress (I). You will get the third man.

SHRI K. GOPAL: Today our party has not been called, whereas from Congress (I) two have been called. I would like to know the basis on which you are calling.

MR. CHAIRMAN: There is no basis at all.

SHRI K. GOPAL: You say that.

MR. CHAIRMAN: Don't argue. As a matter of fact, Congress (I) Members should have been called first. I do not know the reason, but from your party two Members have already spoken, and the third is to speak, I will give him a chance.

श्री सुशील कुमार धारा (तामलुक) : सभापति महोदय, हमारे नये संसद्–सदस्य ने बहुत समय लिया है। में उसका विरोध नहीं करता हूं, लेकिन मेरा समय काट कर दूसरे को न दिया जाये।

में राष्ट्रपति जी के भाषण पर रखे गये धन्यवाद प्रस्ताव का समर्थन करने के लिये खड़ा हुआ हूं। उनके 41 मुद्दो के भाषण में बहुत सी ऐसी बातें हैं, जिनके लिए उन्हें धन्यवाद देना चाहिए। लेकिन मुझे दुख है कि इस भाषण के सम्बन्ध में कुछ बातें ऐसी हैं, जिनसे हमें खुशी नहीं हुई।

जनता पार्टी ने अपने इलेक्शन मैनिफ़ेस्टो में 12वें पन्ने पर लिखा हुआ है:—

"In the economic sphere the Janata Party will accord primacy to agriculture and rural reconstruction which must constitute the basis of our development and planning."

दूसरी जगह यह लिखा हुआ है :—

"The party is committed to agrarian reform covering tenurial relationship, ownership and consolidation of holdings."

राष्ट्रपति जी ने अपने भाषण में कहा है :—

"Additional irrigation potential of 26 lakh hectares was created in 1977-78, the highest ever achieved by any country in a single year. For the current year, the target is 23 lakh hectares."

हमारे देश में 165.9 मिलियन हैक्टेयर जमीन पर खेती हो रही है। कांग्रेस के जमाने में 1976 तक ज्यादा से ज्यादा 30 परसेंट जमीन पर सिंचाई का बंदोबस्त किया गया था। 1971 तक 26.6 परसेंट तक सिंचाई की व्यवस्था हुई थी। जनता पार्टी के राज में हम ने दो सालों में 5.4 मिलियन हैक्टयर में इरिगेशन का बंदोबस्त किया। इस के मानी 30 साल के कांग्रेसी राज में हर साल 1 प्रतिशत जमीन में सिंचाई का बन्दोबस्त हुआ और जनता सरकार के जमान में औसतन 1.7 प्रतिशत, अर्थात् करीब करीब दुगुना सिंचाई का बन्दोबस्त हुआ। लेकिन हमारे मन में शक है कि कैसे और कब तक हम लोग लक्ष्य तक पहुंचेंगे। पूरे 165.9 मिलियन हैक्टेयर में सिंचाई का बन्दोबस्त हम कब तक कर पाएंगे ? इस में बहुत समय लगेगा और उस के लिए छोटे और लघु सिंचाई का इंतजाम होना चाहिए। लेकिन राष्ट्रपति जी के भाषण में छोटे और लघु सिंचाई क बारे म कोई निशाना नहीं दिया हुआ है, यही हमारे मन म अफसोस है।

फर्टिलाइजर के बारे में राष्ट्रपति जी ने कहा है कि:—

"The consumption of fertiliser in 1977-78 recorded 26 per cent increase over the previous year and this year too the forward trend has been maintained".

फर्टिलाइजर कन्जम्पशन इस देश में दुनिया के मुकाबले में सब से कम है। दुनिया के देश फर्टिलाइजर का कितना उपयोग कर रहे हैं इस का जरा आंकड़ा आप देखें—बैल्जियम 577 के जी पर हैक्टेयर फर्टिलाइजर इस्तेमान करता है, नीदरलैंड 575, यू के 375, चाइना जिसे हमारे दो साल बाद आजादी मिली 48 के जी, पाकिस्तान जो हमारे साथ ही पैदा हुआ था 21 और हमारे यहां भारत में 17 के जी पर हैक्टेयर फर्टिलाइजर हम इस्तेमाल करते हैं। यानी सब से कम हम करते हैं। एक और अफसोस की बात है कि हमारे फर्टिलाइजर का भाव दुनिया में सब से ज्यादा है। इतना ज्यादा भाव दुनिया में कहीं नहीं है। यह बहुत अफसोस की बात है। हम फर्टिलाइजर के लक्ष्य तक कैसे पहुंचेंगे इसके बारे में हमारे मन म शक पैदा होता है क्योंकि हमारी इस संसद में 25 अप्रैल, 1978 को मंत्री महोदय ने जो जवाब दिया था एक सवाल का उस की हम देखते हैं तो हमारा नाइट्रोजन का प्रोडक्शन 834.5 हजार टन और फोस्फेट का 213.5 हजार टन है। कुल मिला कर 1048 हजार टन है। जैसा मैं ने कहा हमारी खेती की जमीन 165-166 मिलियन हैक्टेयर है। तो प्रति एकड़ कितना आता है यह आप देख लें और फिर हमारी आइडिल कैपेसिटी कितनी है यह भी देखें। 50 प्रतिशत आइडिल कैपेसिटी है। 1975 में हमारी कैपेसिटी थी 19 लाख 79 हजार टन प्रोडक्शन की, 23 इंडस्ट्रीज में लेकिन उस में से करीब उस का 50 प्रतिशत ही उत्पादन होता है। तो यह उत्पादन कैसे बढ़ेगा ? इस का कोई निशाना इस म नहीं है। इस का नतीजा यह होगा कि हमारी खेती में ज्यादा कुछ पैदावार नहीं होगी।

फूडग्रेन्स के बारे में राष्ट्रपति जी ने कहा है कि रिकार्ड प्रोडक्शन 125.6 मिलियन टन हुआ है। लेकिन बात यह है कि हमारी 60 करोड़ आबादी है। अब तो और बढ़ गई है। 1981 में देखेंगे तो 65 करोड़ हो जाएगी। 60 करोड़ के ऊपर आप हिसाब लगायें तो पता चलेगा कि कम से कम 200 मिलियन मी० टन अनाज की जरूरत पड़ेगी लेकिन उसका कोई बन्दोबस्त नहीं है। उसके लिए इसमें कोई निशाना नहीं है। 1981 तक अनाज के मामले में हम स्वावलबी हो जायेंगे लेकिन तब तक हमारी आबादी 65 करोड़ हो जाएगी।

गांवों और शहरों में जो इनकम डिसपैरिटी आई है, उसके आंकड़े मैं देना चाहता हूं। एग्रीकल्चर सैक्टर में जो लोग हैं उनकी सालाना इनकम 1951-52 में 198 रुपए थी जोकि 1976-77 में आकर घट गई। लेकिन जो लोग खेती में नहीं हैं उनकी इनकम 1951-52 में 398 रुपए थी जोकि 1976-77 म 815 रुपए हो गई। इस तरह से डिसपैरिटी और बढ़ गई। एग्रीकल्चर सैक्टर में आमदनी घट गई लेकिन नान-एग्रीकल्चर सैक्टर में वह बढ़कर दुगुनी हो गई। इसका कारण यह है कि हमारे गांवों की अवहेलना हुई है। मुझे बड़ी उम्मीद थी कि राष्ट्रपति जी अपने अभिभाषण में इसके बारे में कुछ कहेंगे।

इस तरह से जो आर्गेनाइज्ड सैक्टर है, जहां पर लोग इकट्ठे हो सकते हैं, इण्डस्ट्रीज में या दूसरी जगह, वहां भी इनकम में बहुत डिसपैरिटी है। एक शिपिंग कारपोरेशन है जहां पर एक स्वीपर की तनख्वाह 1200 रुपए हर महीने है। इसी तरह से जो हमारी नेशनलाइज्ड बैंक्स हैं वहां हर एक क्लर्क को कम से कम एक हजार रुपए महीने की तनख्वाह आती है। लकिन दूसरी तरफ गांवों में खेती से सम्बन्धित जो लोग हैं, जोकि उत्पादन करते हैं और जिनकी पापुलेशन 80 परसेन्ट है उनकी आमदनी महीने में 300 रूपये भी नहीं आती है। यह जो डिस्परिटी है इसको मिटाने के लिए खेती बाड़ी की तरफ पूरा ध्यान दिया जाना चाहिए। इसके लिए इसमें कोई निशाना नहीं रखा गया है।

पीने के पानी के बन्दोबस्त के लिए राष्ट्रपति के अभिभाषण के पैरा 21 में कहा गया है :—

**16.57 hrs.**

[SHRI DHIRENDRANATH BASU *in the Chair*].

[श्री सुशील कुमार धारा]

"For example, the aim is to provide safe drinking water to over 1,13,000 "problem" villages by March, 1981".

1981 तक इसको करने की बात कही गई है। जनता राज में पिछले साल 18 हजार गांव कवर किए गए और इस साल 27 हजार गांवों में व्यवस्था करने की बात है। लेकिन उसके बाद दो साल में 68 हजार गांवों में पीने के पानी की व्यवस्था हो जायेगी, इसमें मुझे शक होता है। इसका टार्गेट शायद बजट में देखने को मिलेगा।

श्रीमन्, राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में एक और चीज देखने की मुझे बहुत इच्छा थी। हमारे यहां सिंचाई के पानी की बहुत कमी है। सिंचाई का पानी देने से हमारे पूरे देश मे जितनी खेती की जमीन है, उस में दुगुना पैदा हो सकता है। इस समय हमारे पास जितनी जमीन है, उसके प्रतिशत 26 में दो फसल होती हैं, लकिन प्रतिशत 74 में अभी भी एक फसल होती है। इसका बन्दोबस्त होना चाहिए। अब प्रश्न है कि पानी कहां से मिलेगा? पानी समुद्र से मिलेगा। मैं पहले भी इस के बारे में सुझाव दे चुका हूं—समुद्र के पानी को लवण-मुक्त कर के खेती के लिए उपयोग करने का बन्दोबस्त करना पड़ेगा।

इस के बाद मैं कुछ पिछड़ी जातियों के सम्बन्ध में कहना चाहता हूं। हमारे राष्ट्रपति जी का अभिभाषण मैंने पढ़ा, इस में उन के बारे में एक लफ्ज भी नहीं कहा या है। पिछले साल महाराष्ट्र, बिहार और हमारे पश्चिमी बंगाल में पिछड़ी जातियों पर इतने हमले हुए, इतने प्रहार हुए, बलात्कार हुए, गोलियों से अनेक लोग मारे गये, बहुत से भूख क कारण मर गये—इन के बारे में भी इस अभिभाषण में कुछ निशाना नहीं है। उन्होंने अपना अभिभाषण ता० 19 को दिया था, ये घटनायें तो उस से पहले हो चुकी थीं। हमारे पश्चिमी बंगाल में "मारिचझापी" में कितना अत्याचार हुआ और वह अत्याचार वहां की सरकार की ओर से हुआ। हमारे राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में इतने बड़े मुद्दे पर कुछ भी नहीं कहा गया है। इस के कारण मैं बहुत दुखी हूं।

**17.00 hrs.**

लैंड रिफार्म्ज के बारे में उन्होंने उल्लेख किया है। लेकिन मैं क्या देख रहा हूं—प्रान्त-प्रान्त में लड रिफार्म्ज में पूरी पार्टी-बाजी हो रही है। पार्टी का आदमी होने से पार्टी का मैम्बर होने से, चाहे वह लैंड-लैस हो या न हो, उस की जमीन मिल जाएगी, लेकिन जो असली लैंड-लैस है, उस को एक छदाम भी नहीं मिलेगी, क्योंकि वह पार्टी का मैम्बर नहीं है। हमारे पश्चिमी बंगाल मे ऐसा हो रहा है और हमेशा हो रहा है। इस के बारे में भी हमारी सरकार को जरूर देखना चाहिए।

अभी मैं अपने यहां के जूडिशियल, डिपार्टमेंट के बारे में एक बात बतलाना चाहता हूं। मैंने आज ही कायद की देखा—ताज्जुब की बात है। हमारे पश्चिमी बंगाल के मलदा और पश्चिमी दीनाजपुर दोनों जिलों से 26 आदमियों को एप्वाइन्टमेन्ट दिया गया था, 16 जनवरी को उन्हें एप्वाइन्टमेन्ट लैटर मिला जिस में 5 फरवरी को ज्वाइन करने को कहा गया था। उन्होंने आ कर ज्वाइन किया, लकिन 6 फरवरी को ही उन्हें डिसमिसल आर्डर दे दिया गया, उन की 1 रोज की ही नौकरी हुई थी। यह कसे हुआ? जुडीशियल सैक्टरी ने ब्यान दिया कि सैलेक्शन गलत हुआ था। उन का रिटन-टैस्ट, ओरल टैस्ट सब कुछ हुआ था, लेकिन फिर गलत हुआ। हमारी सरकार का दायित्व है कि देश में जनतन्त्र और सब की रक्षा का समान बन्दोबस्त करे। लेकिन मैं पूछना चाहता हूं—जब उन छोटे लोगों को नौकरी मिल गई थी, तो फिर यह कसे हुआ। यहां भी पार्टीबाजी हुई, पार्टी क कारण ऐसा हुआ। हमारे पास कुछ इन्फर्मेशन नहीं है, लेकिन हमारे मन में पूरा शक है कि रूलिंग पार्टी से खबर आ गई कि ये उन के आदमी नहीं हैं, इसलिए इन 26 आदमियों को भगा दो और फिर इन जगहों पर पार्टी के 26 आदमी आजायेंगे। ऐसा ही चुनाव में हुआ है।

अब मैं पिछड़ी जातियों के बारे में एक बात कह कर अपना भाषण समाप्त करूंगा।

हमने कहा था "न्यू डील फार वीकर सैक्शन्स"। हमारी जनता पार्टी का जो इलैक्शन मैनीफेस्टो है, उस में यह लिखा हुआ है:

"It is a matter of deep shame that, even three decades after the advent of independence, the social and economic conditions of the weaker sections of our society, particularly the Scheduled Castes and Tribes continues to be abject. They are still subject to many forms of discrimination and have been victims of foul atrocities."

इस के बारे में यह कहना है कि आज भी फाउल एट्रासिटीज होती है। 24 युवतियों को पुलिस कैम्प में रखा गया। वे सब शेड्यूल्ड कास्ट्स की थीं। ब्रिटिश के जमाने में जब ऐसा होता था, तो हम उन क साथ लड़ते थे। उस वक्त हम एक सिपाही थे और जब इस तरह का अत्याचार होता था, तो उन के साथ हम ने लड़ाई की। अगर उन की बस्ती जलाई जाती थी या उन के साथ अच्छा व्यवहार नहीं होता था, तो एक परेलल सरकार, एक बराबर की सरकार, एक आजाद सरकार इस तरह के अत्याचारों से बचने के लिए बनाई थी और महात्मा गांधी जी ने उस को एनडोर्स कर दिया था। आज यें बातें सदन में आई कि ले लोग पेरैलल सरकार बनाए? जब जरूरत होती है तो बनाते हैं अपने को बचाने के लिए। हम ने जो मनीफैस्टो में दिया है, यह सब हमारा दिया हुआ है और इस में कुछ नहीं हुआ तो वे असली बात उठायें।

एक अन्तिम बात कह कर मैं समाप्त करता हूं। होली बाइबिल में जो टेस्टामेंट है, यीसू ने जो कहा है वह पन्ना 524 पर है। मैं उस को पढ़ कर सुनाता हूं :

"There is a right time for every-thing".

"A time to be born, a time to die"

और आखिर में लिखा है :

"A time to speak up".

समय ऐसा आएगा कि जिन पर अत्याचार हुए हैं, वे बोलेंगे। पिछड़ी हुई जातियां, पिछड़े हुए आदमी, पिछड़े हुए इन्सान बोलेंगे, जसे कि बाइबिल में कहा गया है। आप ने देखा कि यहां पर 60, 70 लाख आदमी, खेती करने वाले किसान आ कर इकट्ठे हुए और उन्होंने अत्याचारों के खिलाफ आवाज उठाई। जब उन पर अत्याचार हुए, उन्होंने बीस दफा मांग उठाई कि ऐसे ही बोलेंगे, यह याद रखना चाहिए।

सभापति महोदय, आप ने मुझे जो बोलने का समय दिया, उस के लिए धन्यवाद।

SHRI K. S. RAMASWAMY (Gobichettipalayam): Mr. Chairman, Sir, we are thankful to the President for his Address to the joint Session of Parliament. While discussing the Motion of Thank for his Address, I think it will not be irrelevant to refer to what the President had said on the eve of the Republic Day; he had said that "the central gravity of the political process is shifting from urban to rural areas and the rural community has become extremely sensitive to economic factors". Yes, it has taken such a long time, after independence, for the rural population to become conscious of how they have been exploited by the urban population all these years and their economy was, and is, treated as secondary to that of the urban population.

The President has referred to the very satisfactory food production in the country, but he has not mentioned about the plight of the farmers who have been responsible for this surplus production in the country. From 50 million tonnes in 1952, they have been able to produce 125 million tonnes in 25 years, which is a record and which, even the advanced countries. admire.

Thanks to the scientific methods of agriculture whim our farmers readily adopted, we have created a surplus to the astonishment of the world and we are now in a position to export foodgrains to the very countries to whom we went with a begging bowl in 1965.

The peasants are grateful to the Indian Council of Agricultural Research and the scientists who developed hybrid seeds and the nation is grateful to the farmers for readily accepting modern methods of agriculture and the wonderful job they have done.

The President has said in his Address:

"The record level of foodgrains production, which was 125.6 million tonnes last year, has resulted in a comfortable food supply situation".

He has also said:

"The irrigation and fertiliser consumption data underline the success of the policy of increased attention to the agricultural sphere, and with obvious results".

What are the obvious results? From the condition of scarcity, the country has become surplus in food. The consumers are happy that they are able to get essential food requirements at reasonable prices and without any difficulty. The urban people, the urban labour, the industrialists and government servants are all happy. But alas! What about the poor agriculturist who has made this possible by his weat and toil- He is not able to get a remunerative price for his produce. He is the most unhappy man in the country to-day because the price he gets is very much lower than the cost of production. He is not able to repay the debts he has taken even at the concessional rates from the co-operative banks and other financial

[Shri K. S. Ramaswamy]

institutions. The anomaly is that he has produced more but his income is less. He has to pay more for his purchases but has to sell his produce at uneconomic prices. The prices of inputs like fertiliser, pesticides, seeds, water rates, electricity, labour, steel, cement and implements have all gone up. His cost of living is the same as in the urban area. He has to buy edible oil, kerosene, pulses, sugar and other essential items at the same rate as the urban people buy whereas the income of the urban people is increasing according to the cost of living index while the income of the poor peasant is going down. There is no bonus for him, no increments for him, no gratuity and pension for him because there is no or there cannot be any strike or lock-out for him or any other avenues of protest for him. He is not getting a reasonable price for his produce. The price is not based on the cost of production or his standard of living. There is no parity between what a farmer has to pay and what he gets. It all depends upon the urban consumer cost.

There Sir, what is the criteria in fixing the price of paddy; maintaining a fair price level to the consumer? The present Agricultural Price Commission should be abolished forthwith. This body is the most anti-farmer body and more so against the rice-growers. The farmers in the north wanted Rs. 120 per quintal for wheat and the Commission recommended Rs. 110 and Government gave Rs. 112.50.

The farmers wanted Rs. 120 for paddy and the price recommended was Rs. 82 and the government has given Rs. 85 only. Considering the rise in the cost of inputs, neither the wheat grower nor the rice grower has got a fair deal. Not, only that, there is a great discrimination against the paddy-grower. The cost of production of paddy in almost all areas of the country is higher than that of wheat. It is much more in the Southern State due to lift irrigation from 100 to 200 feet below the ground level. Look at the price levels. I would only quote the farmer-member of the Commission Shri Chaudhary Randhir Singh, who is also a former member of Parliament. He says:

"As against a base-year differential of 18 rupees per quintal in 1965-66, an excess gap to the tune of rupees 17.5 per quintal was further injected till 1977-78—the total up-to-day difference being rupess 35.50 per quintal between the prices of these foodgrains. From 1965-66 onwards paddy registered a total increase of rupees 41 per quintal and that of wheat Rs. 58.50 per quintal."

He also said:

"I am convinced beyond any manner of doubt that there does persist an obvious imbalance beween the prices of wheat and paddy which needs to be eliminated. There could at least be an earnest endeavour aiming at securing parity of return to the cultivators from these two crops in overall national interests. Otherwise during a given situation of disadvantage in a pricing context, the farmers will diver their acreage to some other crops which generate them more income".

"While considering comparative costing of wheat and paddy production, less irrigation, fertilisers and insecticides are needed for raising wheat crop. Incidence of past-attack on wheat crop is much less than paddy. We have already reached a saturation point in paddy acreage. Paddy production has to be increased by adopting improved practices. More and more area is being brought under lift irrigation which is a costly exercise. In case of wheat shortage, we can have imports from world market, but for rice international market is limited. In public inerest, we would concentrate on local production of rice and ensure remunerative price to the farmers as an incentive."

New this is what the A.P.C. Member had stated and his advice was not

given due weight. So, he has resigned from the A.P.C. The Chief Ministers of four Southern States have demanded and they met the Prime Minister and have also jointly demanded from the N.D.C. to give them at Rs. 125 per quintal on paddy but that was turned down.

Kerala has given to the farmers Rs. 35 more than the procurement price as an incentive. I hope the A.P.C. and Tamilnadu also will either give from their own funds of they would get more from the Central Government.

The Agricultural Prices Commission, feel, have no right to exist. The A.P.C. should be abolished and another Commission should be constituted and it should be known as Agricultural and non-agricultural Party Price Commission.

In this connection the A.P.C. is pursuing the policy of anti-South. I will explain how it is so. I am sorry to say that Government also is a Party to it in supporting the report. The people in the South are much agitated over the language issue. When Hindi is sought to be imposed on us stealthily, we protest here immediately and vehemently. Shri Gopal will at once get up and shout the others down. So also others. It hurts our feelings and sentiments; it hurts our self-respect and hurts our mother-tongue and culture. While we protest with all our might here on the language issue, we have not done so when we are hit below the belt with regard to paddy price; the very existence of farmers is in danger. The Government's pricing policy of paddy kills the peasants in the South inch by inch without their realising it.

Again I will refer to Chaudhury Saheb. He says in his report on page 12:

"The procurement price of pady needs to be fixed somewhat nearer to the level of wheat price". He says 'somewhat nearer to the level of wheat price'. He further say:

"This is essential not only for providing a fair price to the paddy producers, but also for creating a proper climate for national integration by removing the deep sense of frustration and . resentment from amongest paddy growers that as against wheat they are getting raw deal".

This is how South is being treated.

I have pointed out the disparity in the procurement price of paddy and wheat. Now I will place before you the figures of procurement of foodgrains in the North and South. The total procurement of paddy for 1977-78 was 47 lakhs and 97 housands tonnes. Out of this, 29,19,000 tonnes are from Punjab and Haryana alone.

The Minister said that Punjab being a wheat area, they do not consume rice. That is why rice has been procured more from Punjab. But the facts are otherwise. Even with regard to wheat in Punjab in the same year whereas the total procurement was 51 lakh tonnes, in Punjab the procurement was to the tune of 32 lakh tonnes. In Haryana it was 9 lakh tonnes. to even with regard to wheat there is more procurement in Punjab than other States. This has been done in a year when there is surplus production and distress sale is there. Farmers do not get support price. In Tamil Nadu paddy was sold at Rs. 54 per quintal I do not blame the government for procurement in Punjab but it is not done in the Southern States. IFCI made for the North and not South? I warn this government if the South is continued to be treated like this in economic sphere. then it will rise in revolt one day. National integration cannot be built on unfair treatment. discrimination and different set of policies from State to State. Even the Economic Survey mentions that wheat price has been raised by 2.5 per cent but nothing has been mentioned about paddy price. Thank God at least it has not been reduced.

Sir, I want to come to another aspect of the question. The nation debends on

[Shri K. S. Ramaswamy]

the farmers of India for their primary needs like foodgrain, vegetables, milk, oil sugar etc. The prices of these articles are consumer oriented are not producer oriented. Unless the standard of life of the millions in the rural areas improve how can your industries thrive? How are you going to market all your industrial production? How can you run your agro-based industries profitably? That is why I say that there should be some parity between the price the farmer gets for his produce and that he pays for his inputs.

The President also mentioned that there is price stability. I say price stability for whom? Price stability is for the consumer and urban people and not for rural people. I want to quote figures of difference in wholesale index price that prevailed on 18-11-77 and 13-1-78. The rice price is less by 9.5; Ragi is less by points 5; Urad is less by 11 points; Potatoes is less by 80 points; Onions is less by 12 points; Raw cotton is less by 7.5. points and Gur is less by 19.5 points. But in the case of other articles of consumption grounnut is up 3.4 points cotton seed is up by 5.4 points; Textiles is up by 2.1 point and in the case of machinery and transport it is up by 7.1 points. So, there is vast variation in the prices and the rural people are the sufferers. So, the price stability is for the urban areas and not rural areas.

Then, Sir, I want the policy of the government with regard to export to be suited to the needs of the rural are as. Take, for intance, cotton. Cotton price has gone down and the same time goverment imported lot of man-made fibre and artificial fibre. Then, Sir, government banned the export of onion and chillies and onion which was selling at Rs. 35 per bag came down to Rs. 5/- per bag and still remains to be very low.

Turmeric has been the only commodity which gives the farmers some profit. But the hon. Finance Minister has come with a vengeance and he has imposed an excise duty of Rs. 2,000 per tonne and the price has gone down by Rs. 200 per quintal.

Sir, I need not say anything about potato. The hon. Minister stated in the other House that potato is grown much and the only remedy is to ask the people to eat more potatoes.

If I may put it this way, till now, our task was to tackle the problem of deficit. Now, it is the other way about. It is the problem of surplus production. This is what we face now. So, we have got to change all the rules and the systems by which we were managing deficit.

Now, we should think of giving support price and also not to let down the farmers.

May I suggest, Sir, that as in the case of Coffee and Tea, we should export Wheat and Paddy? For this, we should have a Wheat and Paddy Export Promotion Council. Such a Council should be set up for this purpose.

The President has mentioned about 'launching a frontal attack on rural poverty'. Sir, according to the study undertaken by the Agricultural University of Coimbatore, it has been found that farmers owning five hectares or less are below the poverty line. More than 85 per cent of the farmers own less than 5 hectares. The figures are like these: 32.9 per cent of the farmers are owning below 0.5 hectares. 17.7 per cent of the farmers are owning below one hectare. 19.1 per cent of the farmers are owning below two hectares. This is the position. So, they are all under the poverty-line. Unless the peasents are given their proper dues, poverty cannot be removed. They will perpetually remain in indebtedness and all the money you lend them cannot be got back from them.

But, still, there is a ray of hope. Fortunately the Ministers of Agriculture and Finance are from the farmer community and I hope that they will come to the rescue of the farmers.

Now I would like to quote what the hon. Minister of State in the Ministry of Agriculture and Irrigation, Shri

Bhanu Pratap Singh said on the 16th of November, 1978. I quote:

> " If the present policies are continued, our Agricultural production will stagnate and all our plans to remove poverty from our land will remain only paper plants."

Can the millions of farmers expect any justice from these Ministers in the Government?

If you want the nation to progress, Sir, you have to uplift the farmers. Your slogan should be: 'Uplift the Farmers'. With these words I conclude.

SHRI B. C. KAMBLE (Bombay South-Central): Mr. Chairman, Sir on a document like the President's Address, we should make very broad observations.

Even though in this country we have got many political parties, many religions, many castes and many sub-castes, yet, we have got to march together and we have got to see that India really becomes great.

I say this because if we look around India, what we find is this. We find that many systems of Government have blown up—whether it is in Pakistan or in Burma or in Tibet. All around our country, various systems of Government which prevailed there have been uprooted.

Fortunately for us, the system of Government prevailing in this country is still there and I hope that every political party, whether in the opposition or otherwise, will march forward with full concurrence in upholding the Parliamentary system of Government. As the hon. Prime Minister has said, the Parliamentary Institution is the bulwork in the matter of giving a decent standard of life for every Indian citizen, man or woman.

Therefore, Sir, what I would plead for is this: Even now, even after 28 years of independence, we have not got the necessary political apparatus to sustain the system. I therefore would plead with the Government that they should come forward with a proposal for having Electoral Reforms in such a way that our political parties would be set up with such ingradients, namely, that the political parties shall serve not only their own party interests, but that they shall serve the interests of the system of Government which we have chosen to adopt as per the provisions of our Constitution. I am not harping on the point of emergency at all, but having regard to the emergency through which this nation has gone and crippled, we must draw lessons from our experiences. While I am making my observations on the President's Address, I would like to raise as to what is the economic system that we are following in this country. We must see that every man and woman should have a decent life. I am sorry that I can neither support the Motion of Thanks nor I am here to oppose it. I feel that this country after five Five-Year Plans and after spending nearly hundred thousand crores of rupees, is still full of destitutes and poor people. They constitute, not according to my own statistics but according to the official statistics, as much as 85 per cent of the people. Only 20 per cent of the people are owning the assets of this country. Even though Article 39 of the Constitution enjoins that we must follow an economic system which will not result in the concentration of wealth in the hands of a few, I am sorry to say, that nobody is paying any attention to the State Policy embodied in Article 39, Directive Principles of our Constitution.

Now, there appears to be some change in the thinking of the present Government and the emphasis is on the rural development. Right from Sarvodaya to Antyodaya, there are so many theories and systems that have been propounded, but the number of poor and destitute people has not been minimised at all. In the rural areas also, the people suffer from the same inequality. Four percent of the people are owning nearly 30 per cent assets

[Shri B. C. Kambli]

in the rural areas. According to my humble understanding, so far as inequality is concerned, there is no distinction at all in the rural areas and in the urban areas. I am, therefore, afraid that this shift of the Janata Government may not have the desired result though they have the best of intentions.

There are certain constitutional obligations as far as the backward classes, scheduled castes and scheduled tribes are concerned. If you abolish these constitutional provisions for these people, I would be happy, but so long as these constitutional obligations are there, there must be a reference to these in the President's Address and to what extent the welfare of these classes has been achieved gradually during the last so many years. What we want is that at least we should be told which direction you are following, whether you are following the right road, the right direction. You must give us some estimate with regard to the welfare of these people.

Then, there has been a controversy going on about the poor States, backward States, backward regions and backward areas. I would like to point out that it is not the State or the region that is backward, but it is the people who are backward or poor people. Certain categories of our people who have remained suppressed for generations are being ignored; may be that they are not there in the so-called backward regions. It is not the backward regions or the backward States that required to be taken care of, but the criterion should be the backward people. We should chalk out our programmes and plan only keeping in view the condition of the people in the various regions. You categories the people and not the States. At the cost of categorising certain States or regions as backward, the backward and real deserving people are being ignored; the scheduled castes and scheduled tribes are being ignored. As I said, 85 per cent of our people are poor and destitutes. I am quite sure there will be still further increase in the number of these people.

There is some mention about irrigation facilities, viz. that 26 lakhs of hectares were irrigated, and promising that 28 lakhs of hectares will be irrigated in the future. So far so good, but having regard to the growth rate which is fluctuating—whether it is 5 per cent, 12 per cent or 25 per cent —we want to say that the growth rate alone is not going to satisfy us. How is it utilized, to reduce inequalities, if not eliminate them, is more important.

So far as matters concerning Article 39 are concerned, means of livelihood should be provided. Where are the means? People are begging. So, we have to consider the domestic picture. I hope the Janata Government is sincere; their leaders were imprisoned, and they must have learnt a lesson. They should make very sincere efforts in the direction where earlier 5-year plans have failed.

I would now come to Foreign Affairs. The domestic picture is not so good as to offer thanks to the President or to join in the chorus on the Motion of Thanks to the President. About foreign affairs also, I am sorry to say that the place India is occupying, is a back bench. This has been proved when our Foreign Minister went to China. So, far as Panchsheel is concerned, it is a moral concept taught by Buddha. Buddha has given us a religion, and he has propounded the Panchsheel or 5 canons of character. They relate to non-violence, not speaking falsehood, etc. So, if China or India confuses moral precepts with political or other precepts, the intention may not be clear. My submission is that if this country is to earn a place of honour, we should be internally powerful and be one single country where each and every man and woman supports universal brotherhood. Otherwise we will not get any respect in the comity of nations.

There are also certain principles laid down in the Constitution. I am sorry people describe our foreign policy as non-aligned, genuinely non-aligned etc. For many years now, I have not been able to understand what

is meant by it. What is required is that every nation has, and must have its honour. That nation must have a just relationship with other nations. This idea is embedded in our Constitution. Instead of describing our policy as aligned, non-aligned etc., we should pursue a policy of upholding the honour of each nation, and there should be a just relationship. If we do that, I am quite sure this country will be able to contribute to the ideals of UNO. Those principles can then be propounded, which will enable India to become great. Thank you.

**श्री राम लाल राही (मिसरिख)** : सभापति महोदय, राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर जो धन्यवाद का प्रस्ताव माननीय यज्ञदत्त शर्मा जी ने रखा है, मैं उस का समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं। मैं बधाई देना चाहूंगा राष्ट्रपति जी को और साथ में शर्मा जी को भी कि उन्होंने अपने राष्ट्र के सम्मानित राष्ट्राध्यक्ष के प्रति धन्यवाद का प्रस्ताव प्रस्तुत किया है जिन्होंने राष्ट्र की नीतियों का संसद के दोनों सदनों के समवेत सत्र में उल्लेख किया है। जिन मुख्य मुख्य मुद्दों का उन्होंने जिक्र किया है यह जनता सरकार उन मुद्दों को ले कर आगे बढ़ रही है। आर्थिक विकास के लिए जो भी प्रयास किए जा रहे हैं वह निश्चित रूप से सराहनीय हैं। उत्पादन के क्षेत्र में, गांवों के किसानों की पैदावार कैसे बढ़े, उनको सिंचाई के साधन कैसे उपलब्ध कराए जायें, खाद कैसे पहुंचाई जाये, कितनी मात्रा में पहुंचाई जाये, बीज समय पर मिले—इन सारी चीजों के प्रयास जो जनता सरकार ने किए हैं उसके लिए वह निश्चित रूप से सराहना की पात्र है।

मैं कहना चाहूंगा कि जो साल गुजर गया है उस साल में न तो खाद के सम्बन्ध में कोई शिकायत आई, न बीज के सम्बन्ध में शिकायत आई और साथ ही साथ यह भी प्रसन्नता की बात है कि ईश्वर भी प्रसन्न रहा, जहां अधिक मात्रा में नदियों तथा नलकूपों से पानी मिला वहीं भगवान ने भी वर्षा की। जैसी कि आशा की गई है, हमारी सरकार ने आशा की है, हमारा खाद्यान्न का उत्पादन बहुत अच्छा रहेगा, निश्चित रूप से हम सभी की, राष्ट्र के प्रत्येक नागरिक की यही आशा है।

मैं दो तीन बातों की ओर इस सदन का ध्यान दिलाना चाहूंगा। जिन बातों को मैं ने इस अभिभाषण में नहीं पाया। जहां उत्पादन के बारे में, कृषि उत्पादन के बारे में, औद्योगिक उत्पादन के बारे में, विदेश नीति के बारे में और तमाम दूसरी बातों का जिक्र इसमें किया गया है, जहां पिछले साल आई बाढ़ और उसके नियन्त्रण के बारे में इसमें जिक्र किया गया है वहां साथ साथ हमारे देश में जो सामाजिक तनाव पैदा हो गया है, जो धार्मिक तनाव पैदा हो गया है उसका कोई जिक्र इसमें नहीं है। मैं कहना चाहूंगा कि इसका जिक्र भी इसमें होना चाहिए था। अगर हम और हमारी सरकार सत्यता से अपनी आंखें मूंदने की कोशिश करेगी, उस पर पर्दा डालने की कोशिश करेगी तो उससे जहां हमारा और हमारी पार्टी का नुकसान होगा वहां देश के सामने एक भयावह स्थिति भी पैदा हो जायेगी। आप जानते हैं कि जातीय संरक्षण के नाम पर, पिछड़ी जातियों के संरक्षण के नाम पर उत्तर भारत में जगह जगह तनाव की स्थिति पैदा हो गई है। गाड़ियां रोकी गई, बसें जलाई गई, लोग मारे गए, फसाद हुए लेकिन उसके बारे में इसमें कहीं कोई उल्लेख नहीं है। मैं कहना चाहूंगा कि हमारे देश की जिन प्रान्तीय सरकारों ने जातीय नाम पर आरक्षण किया है उन्हें ध्यान होना चाहिए कि आज से 25 साल पहले जातीय आधार पर हरिजनों का आरक्षण किया गया था, हम हरिजनों के आरक्षण के विरुद्ध नहीं हैं क्योंकि मैं स्वयं हरिजन हूं लेकिन वह आरक्षण तर्कसंगत था। लेकिन आज बैकवर्ड के नाम पर जो आरक्षण की बात कही गई है वह तर्कसंगत नहीं है। हरिजनों का जो आरक्षण किया गया था वह तर्कसंगत था क्योंकि उसमें जितनी जातियां थीं—पासी, चमार, धोबी, धानुक, कोल भील इत्यादि—उनके पास कोई भी रोजी रोजगार नहीं था। उन जातियों में 80-90 प्रतिशत ऐसे लोग थे जोकि दूसरों के खेत, खलिहान और कारखानों में मेहनत मशक्कत करके अपना और अपने परिवार का पेट पालते थे। इसलिए हरिजनों का आरक्षण औचित्यपूर्ण था। लेकिन आज पिछड़ी जातियों की जो सूची है उसमें मैं कुछ जातियों के नाम लूं, सरकार उनकी जांच कराये तो निश्चित रूप से आप देखेंगे कि 5 परसेंट लोग भी उस जाति में ऐसे नहीं हैं जोकि दूसरों के खेत खलिहान में काम करते हों। इसलिए इसके पीछे कौन सा औचित्य है? इस देश का हर बच्चा चाहेगा कि आप पिछड़े लोगों की मदद कीजिए, आर्थिक दृष्टि से उनकी मदद कीजिए लेकिन यह तय हो जाना चाहिए कि बैकवर्ड है कौन। वही बैकवर्ड माना जाना चाहिए जिस जाति के 80, 90 75 या 50 फीसदी लोग दूसरों के साधनों पर निर्भर करते हों। कोई व्यक्ति किसी भी जाति, किसी भी धर्म का मानने वाला व्यक्ति, हिन्दुस्तान में रहनेवाला व्यक्ति, इस का विरोध नहीं करेगा। जिस तरह से हरिजनों के लिये आरक्षण किया गया था, तो सारे देश ने एक आवाज से उस को समर्थन दिया था, उसी तरीके से आज का प्रत्येक हिन्दुस्तानी समर्थन देने के लिये तैयार होगा और मैं कहना चाहूंगा—उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री यद्यपि मुख्य मंत्री नहीं रहे हैं, लेकिन कार्यवाहक मुख्य मंत्री के रूप में सरकार को चला ही रहे हैं और बिहार में—दोनों जगहों पर एक अजीब-सी स्थिति पैदा हो गई है। मैं आप के माध्यम से उन तक अपनी आवाज पहुंचाना चाहूंगा कि इस पर पुनः विचार करें। अगर वह चाहते हैं कि हम प्रदेश का सत्यानाश कर दें, धार्मिक और जाति की लड़ाई के द्वारा विनाश कर दें—तब फिर करें, लेकिन यदि वे ऐसा नहीं चाहते हैं और चाहते हैं कि हम न्यायसंगत दृष्टिकोण अपनायें, तो फिर निश्चित रूप से उन्हें इस पर विचार करना चाहिये और जो निर्णय उन्होंने लिया है, उस को रोक कर, पहले कमीशन बैठा कर जांच करवायें कि कौन पिछड़ा है, कौन बैकवर्ड है, उस के बाद मदद दें, तो

[श्री राम लाल राही]

फिर इस सदन के हम सब लोग और इस सदन के ही नहीं, गांव का प्रत्येक व्यक्ति, इस देश का प्रत्येक व्यक्ति उन को समर्थन देगा, कोई भी इस से इन्कार नहीं करेगा । मैं इस मौके पर यह भी कहना चाहूंगा कि केन्द्रीय सरकार को भी इस में हस्तक्षेप करना चाहिये, क्योंकि यह उत्तर प्रदेश और बिहार की ही बात नहीं है, यह भावना बढ़ रही है और धीरे-धीरे यह जाति, घृणा और द्वेष की भावना हमारे पूरे देश में चारों तरफ़ फैल जायगी और उस के बाद फिर हम इस वास्तविकता को कहां छुपायेंगे, यह जनता पार्टी पावर में नहीं रह सकेगी । छोड़ दीजिये जनता पार्टी को, हमारे देश का क्या होगा, समाज का क्या होगा । आज जो उत्पादन बढ़ाने के उपाय हम कर रहे हैं, सिचाई के साधन, खेती-बाड़ी और कल-कारखाने हम लगा रहे हैं, उन में कौन काम करेगा ? एक पासी होगा, एक चमार होगा, एक ठाकुर होगा, एक ब्राह्मण होगा—तुम पासी हो, तुम चमार हो—वहां भी मारकाट होगी और विनाश की स्थिति पैदा हो जायगी । इस लिये मैं कहना चाहता हूं—इस पर सरकार को विचार करना चाहिये और विचार कर के केन्द्रीय सरकार को निश्चित रूप से इस में हस्तक्षेप करना चाहिये ।

इस अभिभाषण में हरिजनों के सम्बन्ध में एक शब्द लिखा है--हरिजनों के लिए भी कुछ किया जा रहा है । बड़े हल्केपन से यह बात कही गई है, जैसे कोई बड़ी मामूली या साधारण सी बात है । ढाई साल हो गये—सत्ता पक्ष में बैठने वाले हरिजनों और हरिजनों का समर्थन करने वाले दूसरे लोगों ने बारबार यहां पर आवाज उठाई है कि जब से जनता पार्टी की सरकार बनी है, हरिजनों का दृष्टिकोण बदला है । क्यों बदला है ? इस का कोई ध्यान जनता पार्टी की सरकार को नहीं है । हमारी जनता पार्टी के नेताओं को इस बात पर ध्यान देना पड़ेगा । आज ही मुजफ्फर-नगर के काण्ड के बारे में चर्चा हो रही थी । सिर्फ मुजफ्फरनगर का ही काण्ड नहीं है, यह तो ऐसा वक्त था कि उस की चर्चा यहां हो गई, हमारे यहां तो सैकड़ों गांवों में मुजफ्फरनगर जैसे काण्ड हुए हैं, लेकिन उन की आवाज नहीं उठी है । दुर्भाग्य यह है कि यह सरकार ज्यों-ज्यों हरिजनों की उपेक्षा करती जा रही है, त्यों-त्यों उन में असन्तोष बढ़ता जा रहा है । मैं चाहता हूं कि यह असन्तोष न बढ़े, यदि असन्तोष बढ़ेगा, तो यह सरकार तो जायेगी ही, साथ में हम भी चले जायेंगे । हम अपने राजनीतिक स्वार्थ को देख कर कहते हैं—माननीय नेताओं, माननीय प्रधान मंत्री जी, इन की समस्याओं के प्रति आंखें न मूंदिये । आप यदि इन के प्रति आंखें मूंदेंगे, उपेक्षित दृष्टिकोण रखेंगे, तो इस का परिणाम अच्छा नहीं निकलेगा । जैसा कि आप देख रहे हैं—दो इलैक्शन्ज हुए । एक लोक सभा का इलैक्शन हुआ और दूसरा विधान सभा का इलैक्शन हुआ । लोक सभा के इलैक्शन में हम 1 लाख 26 हजार मतों से जीत कर आये, लेकिन हमारे नीचे 5 सीटों पर इलैक्शन लड़े गये, दो हार गये और तीन पर जीत कर आये । जहां से एम०पी० 1 लाख से अधिक मतों से जीत कर आया, वहां 6 महीने के बाद ही यह रिजल्ट रहा—तो फिर हम को सोचना चाहिये कि आखिर यह असन्तोष क्यों है ? अस न्तोष इस लिये है कि हम वास्तविकता से आंख ओझल कर लेते हैं । जब तक हम वास्तविकता से आंखें ओझल करते रहेंगे और यह चाहेंगे कि हम को हरिजनों का समर्थन मिले—यह नहीं हो सकेगा । इस लिए मैं कहना चाहूंगा कि हमें इस पर गम्भीरता से विचार करना चाहिये ।

हमारे देश में आर्थिक और सामाजिक असमानता को दूर करने और एक रूपता लाने के लिए बहुत ज्यादा प्रयास किया जा रहा है, ऐसा मैं सुनता रहा हू । मैं नहीं जानता कि कहां से सामाजिक समानता आ जाएगी, कहां से आर्थिक समानता आ जाएगी । मैं ने एक कलक्टर, आई०ए०एस० आफ़िसर के बारे में कहा था । किस नीति में परिवर्तन कर रहे हो ? जो कांग्रेस की नीति थी, वही आज भी हमारी नीति है । एक आई०ए०एस० आफ़िसर को ढाई, तीन हजार रुपया महीना तन्ख्वाह मिलती है और उस के पास कार है, बंगला है और एक चपरासी, जो उस के घर में रहता है, उस के पास एक छोटी सी कोठरी है, जिस में उस की बहू रहती है, उस की लड़की रहती है और उस का दामाद रहता है । कौन सा सुधार आप ने किया है ? कोई सुधार नहीं किया है । आप चाहते हैं कि जन मानस आप के प्रति प्रेरित हो पड़े और आप के गुण गाने लगे । अगर आप यह चाहते हैं तो आर्थिक विषमता को दूर करने वाली जो नीतियां हैं, उन को आप को अपनाना होगा । जो व्यक्तियों में भेद रखने वाली नीतियां हैं, उन में आप को परिवर्तन करना पड़ेगा । यह हमारा, आप का काम है कि इस को किया जाए । लेकिन होता क्या है कि अगर हम कहेंगे कि अर्बन प्रोपर्टी की सीलिंग कीजिए, तो होता नहीं । अगर हम कहेंगे कि बड़े बड़े मिलों का राष्ट्रीयकरण कीजिए, तो कहेंगे कि इस का इन्तज़ाम कौन करेगा और कैसे वे चलाए जाएंगे । इस को करना आप के सीमा-क्षेत्र में है, आप के अधिकार-क्षेत्र में है और कोई भी परिवर्तन आप कर सकते हैं लेकिन आप उसी घिसी-पिटी लाइन पर चल रहे हैं । जब तक इस लाइन से हटेंगे नहीं, तब तक हमारे देश का भला होने वाला नहीं है और गरीबी और अमीरी की खाई भी बढ़ती जाएगी और सामाजिक विषमता भी कम नहीं होगी । बार बार इसी सदन में यह आवाज उठाई गई है कि शिक्षा में एकरूपता आनी चाहिए और पब्लिक स्कूलों को समाप्त करना चाहिए । मैं बड़े जोरदार शब्दों में कहना चाहूंगा कि सरकार का नैतिक तकाजा था कि सामा-जिक स्तर पर सब को बराबर रखें ताकि समाज में समानता का, एक स्तर का व्यक्ति पैदा हो और इस के लिए यह आवश्यक है कि जो प्राइवेट स्कूल हैं जो पब्लिक स्कूल हैं जैसे तालुकदार कालिवन स्कूल, उन को समाप्त किया जाए । इस तरह के कालेजों की कोई आवश्यकता नहीं है और सब के लिए एक समान शिक्षा होनी चाहिए । जब तक एक समान शिक्षा नहीं होगी, तब तक समानता का सवाल पैदा नहीं होगा । एक तरीके का इन्सान बने । आज क्या होता है कि एक आई०ए०एस० के घर में आई०ए०एस० पैदा होता है और एक मजदूर के घर में मजदूर पैदा होता है । आव-श्यकता इस बात की है कि हम इस में परिवर्तन लावें और जब तक परिवर्तन नहीं लाएंगे, काम नहीं चलेगा ।

मैं दो मिनट और लूंगा । हमारे एक मित्र ने कहा था और मैं भी जोरदार शब्दों में यह कहना चाहता हूं कि इस देश को आजाद कराने में कुछ लोगों ने बहुत काम किया है। मैं इस बात की वकालत करना चाहता हूं कि हमारे देश को अंग्रेजों से मुक्त कराने वाले स्वतन्त्रता सेनानियों को जो पेंशन दी जाती है, वह सम्मानार्थ दी जाती है, उन को आर्थिक सहायता सम्मानार्थ दी जाती है। अगर कोई तीन महीने जेल में रहा हो, तो उस को नहीं दें और जो छः महीने रहा हो या जो साल भर रहा हो, उसको पेंशन देंगे, ऐसी बात की जाती है । जिस को तीन महीने में जेल रहने का मौका मिला, वह तीन महीने जेल में रहा और जिस को छः महीने या साल भर जेल में रहने का मौका मिला, वह छः महीने या साल भर जेल में रहा होगा। इसमें भेद नहीं करना चाहिये और मैं यह कहना चाहूंगा कि इन की पेंशन बढ़ाई जानी चाहिये । जो एक साल से ऊपर जेल में रहा हो, उस को 500 रुपये पेंशन देनी चाहिये, जो तीन महीने जेल में सजा काटे हो, उस को 200 रुपये महीना पेंशन देनी चाहिए, जो तीन महीने से ज्यादा सजा काटे हो, उस को 300 रुपये देनी चाहिए और उस के बाद 400 रुपये महीना पेंशन देनी चाहिये। एक स्तर बना दिया जाना चाहिये और किसी को भी पेंशन देने से छोड़ना नहीं चाहिये । आप कहते हैं कि तीन महीने वालों को प्रदेश से पेंशन मिलती है । मेरा कहना यह है कि यह राष्ट्रीय काम है और आप राष्ट्रीय स्तर पर पेंशन दीजिए । जैसे प्रोविंसेज में पेंशन दी जाती है, उसी तरह से केन्द्र में भी दी जानी चाहिये और मैं तो यह कहूंगा कि आप प्रदेश की पेंशन को समाप्त कर दें और पेंशन देने का एक स्तर बना दें । कम से कम 200 रुपये महीना पेंशन दें और अधिक से अधिक 500 रुपये पेंशन दें और कोई भी व्यक्ति जिसने बलिदानपूर्ण कार्य किया है, जिस की बदौलत से आज हम यहां बैठे हैं, जिस ने यह पवित्र काम किया है और अपने देश को मुक्त करवाया है विदेशी सत्ता से, ऐसे लोगों के लिए आप जितना कर सकें, उतना ही अच्छा है । थोड़े लोग रह गये हैं बहुत कम लोग रह गये हैं। आने वाली हमारी सन्तानें कहेंगी कि हमारे बाप-दादे जो थे वे नालायक थे जिन्होंने राष्ट्र भक्तों का अनादर किया। इसलिए मैं कहना चाहूंगा कि इसका एक राष्ट्रीय स्तर बनना चाहिए । तीन महीने वाले को दो सौ और एक साल या उसके बाद वाले को पांच सौ रुपये की पेंशन करनी चाहिये । यह मेरा सजेशन है और मैं आशा करता हूं कि यह सरकार निश्चित रूप से राष्ट्र भक्तों के सम्मान में इस बात को स्वीकार करेगी ।

सभापति महोदय, अन्त्योदय योजना के बारे में यहां एक प्रश्न भी आया था जिसके बारे में मंत्री जी ने जवाब दिया था कि यह पांच छः प्रदेशों में चल रही है, यह कोई राष्ट्रीय योजना नहीं है। मैं कहना चाहता हूं कि हमारे प्रधान मंत्री जी ने जो नारा दिया है कि हम देश से गरीबी दूर करेंगे उस के लिए आपने कौन-सा उपाय किया, कौनसा तरीका अख्तियार किया। मैं उस व्यक्ति को धन्यवाद देना चाहता हूं कि जिसने इस योजना को देश के सामने प्रस्तुत किया उसने हमें एक ऐसा रास्ता दिखाया है जिसके द्वारा हम गरीब से गरीब व्यक्ति की उन्नति कर सकते हैं। इसको हमें राष्ट्रीय योजना के रूप में स्वीकार करना चाहिये और राष्ट्रीय स्तर पर इस पर अमल करना चाहिये । जब हम गांव में जाते हैं तो कहते हैं कि हम इस देश के अन्तिम व्यक्ति, निर्धनतम व्यक्ति का उदय करना चाहते हैं तो हम से कहा जाता है कि यह आप कैसे करेंगे। एक जगह यह हो रहा है और दूसरी जगह यह नहीं हो रहा है। इसलिए मैं चाहता हूं कि इसको एक राष्ट्रीय प्रोग्राम के रूप में स्वीकार किया जाना चाहिए और देश के प्रत्येक हिस्से में इसे लागू किया जाना चाहिए। हर गांव में, हर स्तर पर इसके लिए साधन उपलब्ध कराये जाने चाहिये ताकि गरीब से गरीब व्यक्ति को भी रोजगार मिल सके और वह अपने परिवार का भरण-पोषण कर सके, अपने बच्चों को आगे बढ़ाने का रास्ता बनाने में सक्षम हो सके।

हम चाहे जितने भाषण दे दें, लेकिन जब तक हम शिक्षा के स्तर को नहीं सुधारते और गरीब तथा बेकार आदमी के बच्चों के लिए भी शिक्षा को अनिवार्य रूप से देने की व्यवस्था नहीं करते तब तक उनका विकास नहीं होने वाला है। जिन मां-बापों के पास अपने बच्चों के लिए रोजी रोटी का सहारा तक नहीं है वे कैसे अपने बच्चों को स्कूलों में पढ़ने के लिए भेज सकते हैं ? आप उनके बच्चों को खाना दीजिए, कपड़ा दीजिए, शिक्षा दीजिए और जब वे 18-20 वर्ष के हो जाएं तब जाकर आप उन्हें धंधा दीजिए । ऐसा करने पर ही हम समता का समाज स्थापित

[श्री राम लाल राही]

कर पायेंगे। अन्यथा समता के समाज की हमारी कल्पना कोरी कल्पना ही रह जाएगी। इससे न हमारी सामाजिक एकता कायम हो पायेगी और न देश से विषमता दूर हो पायेगी। इस देश से विषमता तब तक दूर नहीं हो सकती जबकि देश का प्रत्येक व्यक्ति आर्थिक दृष्टि से शिक्षा प्राप्त करने के लिए सक्षम नहीं होता। अगर आप कहें कि इस लोक सभा के भवन को नीलाम कर उसके धन को गरीबों में बांट दिया जाए तो उससे भी उनकी गरीबी दूर नहीं होने वाली है क्योंकि सससे कुछ करोड़ों का धन ही उपलब्ध होगा जो कि देश के सारे गरीबों में नहीं बांटा जा सकता है। इसलिए किसी की सम्पत्ति को नीलाम कर के समाज को ज्यादा नहीं मिलने वाला है। इसका एक ही रास्ता है कि शिक्षा का स्तर देश में सुधरे और ऐसी शिक्षा की व्यवस्था हो कि जिससे इस देश के गरीब से गरीब व्यक्ति को भी शिक्षा प्राप्त करने में कठिनाई न हो। इसके लिए शिक्षा देने की व्यवस्था सरकार को अपने कन्धों पर लेनी होगी, तभी जा कर के इस देश के गरीब लोगों का भला हो सकता है और तभी उनका सामाजिक स्तर ऊंचा हो सकता है, तभी वे अपने लिए आर्थिक साधन पैदा कर सकते हैं।

अधिष्ठाता महोदय, मुझे बहुत कुछ कहना था, लेकिन समय बहुत हो गया है। मैं पुनः शर्मा जी को धन्यवाद देते हुए अपनी बात समाप्त करता हूं।

**18.00 hrs.**

*The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Tuesday, February 27, 1979/Phalguna 8, 1900 (Saka)*

GMGIPND—L—4175LS